web-site: www.punarjagaransamitipratapgarh.org
e-mail : saketpratapgarh@rediffmail.com

नैक मूल्यांकित ग्रेड 'बी'

9838107210
9838503397

# साकेत गर्ल्स पी0जी0 कालेज

(सम्बद्ध : इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, इलाहाबाद)

गाय घाट रोड, दहिलामऊ, प्रतापगढ़

दिनांक : 22/07/2017

## आख्या

भूगर्भ जल संरक्षण सप्ताह साकेत गर्ल्स पी0जी0 कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम द्वितीय एवं तृतीय इकाई द्वारा पूर्ण उत्साह के साथ मनाया गया और सप्ताहांत में नारा लेखन, भाषण, पोस्टर, एवं क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 37 छात्राओं ने भाषण प्रतियोगिता, 63 छात्राओं ने नारा लेखन, 21 छात्राओं ने क्विज एवं 17 छात्राओं ने पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति श्री सुनील दत्त, सह जिला विद्यालय निरीक्षक ने भूगर्भ जल के बारे में विस्तार से छात्राओं के साथ विचार विमर्श किया और उनकी आशंकाओं एवं जिज्ञासाओं को शांत किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थिति श्री आर0के0 गुप्ता, सहायक अभियन्ता लघु सिचाई विभाग ने उत्तर देकर उनकी जिज्ञासा को शांत किया। डॉ0 विन्ध्याचल सिंह, प्रधानाचार्य बरहदा एवं डॉ0 मो0 अनीस प्रवक्ता राजकीय बालिका इण्टर कालेज, प्रतापगढ़ ने भाषण एवं क्विंज प्रतियोगिता के निर्णायक रहे। कार्यक्रम में आये हुए आगन्तुकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0( श्रीमती ) नीलिमा श्रीवास्तव ने बताया कि यह महाविद्यालय जनपद का प्रथम महाविद्यालय है जिसने वर्षा जल संरक्षण प्रणाली को अपने महाविद्यालय में संस्थापित किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ कु0 आरफा, कु0 साक्षी, कु0 स्वस्ति द्वारा प्रस्तुत साई वन्दना, सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीता द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी श्री अनन्त प्रकाश शुक्ला ने किया।

(डॉ0(श्रीमती)नीलिमा श्रीवास्तव)
प्राचार्या


भूगर्भ जल संरक्षण सप्ताह


SAVE WATER
Water Conservation
FUTURE

# भूगर्भ जल संरक्षण सप्ताह में हुई विभिन्न प्रतियोंगिता

प्रतापगढ़ : भूगर्भ जल संरक्षण सप्ताह साकेत गर्ल्स पीजी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम द्वितीय एवं तृतीय इकाई द्वारा पूर्ण उत्साह के साथ मनाया गया और सप्ताहांत में नारा लेखन, भाषण, पोस्टर, एवं क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 37 छात्राओं ने भाषण प्रतियोगिता, 63 छात्राओं ने नारा लेखन, 21 छात्राओं ने क्विज एवं 17 छात्राओं ने पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सुनील दत्त, सह जिला विद्यालय निरीक्षक ने भूगर्भ जल के बारे में विस्तार से छात्राओं के साथ विचार विमर्श किया। विशिष्ट अतिथि" आर0के0 गुप्ता, सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई विभाग ने उत्तर देकर उनकी जिज्ञासा को शांत किया। डॉ0 विन्ध्याचल सिंह, प्रधानाचार्य बरहदा एवं डॉ0 मो0 अनीस प्रवक्ता राजकीय बालिका इण्टर कालेज भाषण एवं क्विज प्रतियोगिता के निर्णायक रहे। कार्यक्रम में आये हुए आगन्तुकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 नीलिमा श्रीवास्तव ने बताया कि यह महाविद्यालय जनपद का प्रथम महाविद्यालय है जिसने वर्षा जल संरक्षण प्रणाली को अपने महाविद्यालय में संस्थापित किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ कु0 आरफा, कु0 साक्षी, कु0 स्वस्ति द्वारा प्रस्तुत साईं वन्दना, सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीता द्वारा किया



प्रतियोगिता में विजई छात्राएं अपनी पेंटिंग को लेकर आयोजकों के साथ

गया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी अनन्त प्रकाश शुक्ला ने किया।

# जल ही जीवन, न करें दुरुपयोग

अमर उजाला ब्यूरो

प्रतापगढ़

सह जिला विद्यालय निरीक्षक सुनील दत्त ने कहा कि पानी की बर्बादी से जीवन संकट में पड़ सकता है। उन्होंने पानी कादुरुपयोग रोकने की सलाह दी। बरसात के पानी का संचय करने को कहा।

शहर के साकेत गर्ल्स पीजी कॉलेज में शनिवार को भूगर्भ जल संरक्षण कार्यक्रम के तहत लेखन, भाषण और वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। लघु सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता आरके गुप्ता ने कहा कि पानी का संचय करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होना होगा। जीजीआईसी बरहदा के प्रिंसिपल डॉ. विंध्याचल सिंह ने कहा कि पानी पर मानव जीवन निर्भर है। पोस्टर प्रतियोगिता में 17, वाद-विवाद प्रतियोगिता में 21



साकेत गर्ल्स कालेज में आयोजित जल संरक्षण कार्यक्रम में सम्मानित छात्राएं

## साकेत गर्ल्स पीजी कॉलेज में हुई वाद विवाद प्रतियोगिता

बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में सफल होने वाली बालिकाओं को सम्मानित भी किया गया। इसके पूर्व प्राचार्य डॉ. नीलिमा श्रीवास्तव ने कहा कि जिले का एक मात्र डिग्री कॉलेज है, जहां वर्षा जल संरक्षण प्रणाली को संस्थापित किया गया है। कालेज की छात्रा आरफा, साक्षी, स्वस्ति ने साईं वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर अनंत प्रकाश शुक्ला, डा. अनीस के अलावा शिक्षक और बालिकाएं मौजूद रहीं।

web-site: www.punarjagaransamitipratapgarh.org
e-mail : saketpratapgarh@rediffmail.com

नैक मूल्यांकित ग्रेड 'बी'

9838107210
9838503397

# साकेत गर्ल्स पी0जी0 कालेज

(सम्बद्ध : इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, इलाहाबाद)

गाय घाट रोड, दहिलामऊ, प्रतापगढ़

दिनांक : 05/10/2017

## <u>आख्या</u>

### <u>साकेत महाविद्यालय के प्रशासन में छात्राओं की सक्रिय भागीदारी-छात्र प्रशासन का गठन</u>

साकेत ग्रुप ऑफ कालेजेज के प्रशासन में छात्राओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए महाविद्यालय की प्रबन्ध समिति ने छात्र प्रशासन इकाई का गठन किया है, जिसमें 76 छात्राओं को सम्मिलित किया गया है। छात्र प्रशासन इकाई के गठन के लिए आयोजित प्रतियोगिता में 367 छात्राओं ने प्रतिभाग किया जिनमें से निर्भीक, साहसी और ऊर्जावान 76 छात्राएं चयनित की गई। प्रबन्धक प्रतिनिधि चुने जाने पर कु0 शिवा शुक्ला ने कहा कि संस्थान के परिसर को स्वच्छ, स्वस्थ्य और हरा-भरा बनाकर राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त करने के लिए मेरा हर सम्भव प्रयास होगा। नवनिर्वाचित कॉलेज कैप्टन कु0 तनु सिंह ने विद्यालय परिसर में अनुशासन और पाठ्यक्रम के परिप्रेक्ष्य में उच्च स्तरीय शैक्षिक वातावरण बनाने पर जोर दिया। उन्होने कहा कि साप्ताहिक समीक्षा कर मैं यह सुनिश्चित करूगी कि पाठ्यक्रम का उच्चस्तरीय एवं गुणवत्तापूर्ण पठन-पाठन का लाभ प्रत्येक छात्रा को मिले और पूर्ण व्यक्तित्व के निर्माण के लिए सांस्कृतिक एवं अन्य कार्यक्रमों में सबकी सहभागिता सुनिश्चित हो। नव गठित कार्यकारिणी निम्नवत् है -

**(डॉ0(श्रीमती)नीलिमा श्रीवास्तव)**
**प्राचार्या**







महाविद्यालय में चुने हुए छात्र प्रतिनिधि

# महाविद्यालय में छात्र प्रशासन का हुआ गठन

प्रतापगढ़ : साकेत ग्रुप ऑफ कालेजेज के प्रशासन में छात्राओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए महाविद्यालय की प्रबन्ध समिति ने छात्र प्रशासन इकाई का गठन किया है, जिसमें 76 छात्राओं को सम्मिलित किया गया है। छात्र प्रशासन इकाई के गठन के लिए आयोजित प्रतियोगिता में 367 छात्राओं ने प्रतिभाग किया जिनमें से निर्भीक, साहसी और ऊर्जावान 76 छात्राएं चयनित की गईं।

प्रबन्धक प्रतिनिधि चुने जाने पर कु० शिवा शुक्ला ने कहा कि संस्थान के परिसर को स्वच्छ, स्वास्थ्य और हरा-भरा बनाकर राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त करने के लिए मेरा हर सम्भव प्रयास होगा। नवनिर्वाचित कॉलेज कैप्टन कु० तनु सिंह ने विद्यालय परिसर में अनुशासन और पाठ्यक्रम के परिप्रेक्ष्य में उच्च स्तरीय शैक्षिक वातावरण बनाने पर जोर दिया। उन्होने कहा कि साप्ताहिक समीक्षा कर मैं यह सुनिश्चित करूगी कि पाठ्यक्रम का उच्चस्तरीय एवं गुणवत्तापूर्ण पठन-पाठन का लाभ प्रत्येक छात्रा को मिले और पूर्ण व्यक्तित्व के निर्माण के लिए सांस्कृतिक एवं अन्य कार्यक्रमों में सबकी सहभागिता सुनिश्चित हो।

---

**प्रतापगढ़-कौशाम्बी**

# महाविद्यालय में छात्र प्रशासन का हुआ गठन

प्रतापगढ़। साकेत ग्रुप ऑफ कालेजेज के प्रशासन में छात्राओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए महाविद्यालय की प्रबन्ध समिति ने छात्र प्रशासन इकाई का गठन किया है, जिसमें 76 छात्राओं को सम्मिलित किया गया है। छात्र प्रशासन इकाई के गठन के लिए आयोजित प्रतियोगिता में 367 छात्राओं ने प्रतिभाग किया जिनमें से निर्भीक, साहसी और ऊर्जावान 76 छात्राएं चयनित की गईं। प्रबन्धक प्रतिनिधि चुने जाने पर कु० शिवा शुक्ला ने कहा कि संस्थान के परिसर को स्वच्छ, स्वास्थ्य और हरा-भरा बनाकर राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त करने के लिए मेरा हर सम्भव प्रयास होगा। नवनिर्वाचित कालेज कैप्टन कु० तनु सिंह ने विद्यालय परिसर में अनुशासन और पाठ्यक्रम के परिप्रेक्ष्य में उच्च



महाविद्यालय में चुने हुये छात्र प्रतिनिधि

स्तरीय शैक्षिक वातावरण बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि साप्ताहिक समीक्षा कर मैं यह सुनिश्चित करूगी कि पाठ्यक्रम का उच्चस्तरीय एवं गुणवत्तापूर्ण पठन-पाठन का लाभ प्रत्येक छात्रा को मिले और पूर्ण व्यक्तित्व के निर्माण के लिए सांस्कृतिक एवं अन्य कार्यक्रमों में सबकी सहभागिता सुनिश्चित हो।

web-site: www.punarjagaransamitipratapgarh.org
e-mail : saketpratapgarh@rediffmail.com

नैक मूल्यांकित ग्रेड 'बी'

9838107210
9838503397

# साकेत गर्ल्स पी0जी0 कालेज

(सम्बद्ध : इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, इलाहाबाद)
गाय घाट रोड, दहिलामऊ, प्रतापगढ़

दिनांक : 26/11/2017


## आख्या

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी श्री अनन्त प्रकाश शुक्ला के संयोजन में 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रूप में परिचित कराने के लिए दिनांक 27 नवम्बर 2017 को एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। छात्राओं को 25 मिनट की डाक्यूमेन्ट्री फिल्म के माध्यम से संविधान सभा की बैठक दिखाई गई, और संविधान सभा में हुई परिचर्चा के उन अंशो को रेखांकित किया गया जो भारतीय संविधान की मुख्य विशेषता बनी।राष्ट्र भाषा के निर्धारण, आरक्षण और राजवाड़ों के भारतीय संविधान में संविलियन की परिचर्चा को छात्राओं के सामने प्रस्तुत किया गया। मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद के अधिवक्ता श्री हर्षित श्रीवास्तव ने संविधान के उद्देशिका में उल्लिखित **"हम भारत के लोग"** की व्याख्या करते हुए बताया कि इसे हमें भारत के नागरिक के रूप में स्वीकार किया जाना चाहिए, और जब तक हम लोग **"हम भारत के लोग"** से भारत के नागरिक नहीं बनेगें, हम अपने कर्तव्यों को नहीं जानेगें तब तक अधिकार की अपेक्षा करना व्यर्थ है।

मुख्य अतिथि के रूप में डॉ0 चन्द्रशेखर "प्राण" पूर्व निदेशक नेहरू युवा केन्द्र ने बताया कि भारतीय संविधान हमें मूल रूप से जन्म लेते ही सामान नागरिकता का अधिकार देता है। 18/21 वर्ष की आयु यथास्थान होते ही समान मताधिकार देता है और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार देता है, लेकिन इन अधिकारों के उपयोग करने से पहले हमें यह जानना होगा कि हम भारतीय नागरिक है, और इस राष्ट्र की सम्पत्ति हमारी सम्पत्ति है, और इसको किसी भी प्रकार से क्षति पहुँचाना स्वयं की क्षति पहुँचाने जैसा है। प्राचार्या डॉ0(श्रीमती) नीलिमा श्रीवास्तव ने छात्राओं को संकल्प दिलाया कि सबसे पहले हमारी छात्राऐं भारत के नागरिक का मॉडल बनेगी और न वे राष्ट्रीय सम्पत्ति पहुँचायेगी और न किसी को क्षति पहुँचाने देगी। आगन्तुकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने विश्वास दिलाया कि हम लोग एक ऐसे भारत के निर्माण का नेतृत्व करेंगे जिसका अनुकरण जापान जैसे राष्ट्रवादी राष्ट्र भी करने के लिए प्रयत्नशील होंगे।

कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय की छात्राऐं यमी सिंह, साक्षी मिश्रा, आरफा, द्वारा प्रस्तुत साँई वन्दना, सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रथम इकाई के कार्यक्रमाधिकारी श्री अनन्त प्रकाश शुक्ला ने द्वितीय इकाई के डॉ0 अनीता पाण्डेय एवं तृतीय इकाई की डॉ0 प्रतिभा मिश्रा उपस्थित रहे।

**(डॉ0(श्रीमती)नीलिमा श्रीवास्तव)**
**प्राचार्या**


संविधान दिवस
26 नवम्बर 2017



# संविधान की दी गई जानकारी

**प्रतापगढ़।** दहिलामऊ स्थित साकेत गर्ल्स पीजी कॉलेज में सोमवार को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में गोष्ठी का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि नेहरु युवा केंद्र के पूर्व निदेशक डॉ. चंद्रशेखर ने छात्राओं को भारत के संविधान के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि भारतीय संविधान हमें मूलरूप से जन्म लेते ही सामान नागरिकता का अधिकार देता है। 18 से 21 वर्ष की आयु यथास्थान होते ही समान मताधिकार देता है और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार देता है। प्राचार्या डॉ. नीलिमा श्रीवास्तव ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

web-site: www.punarjagaransamitipratapgarh.org
e-mail : saketpratapgarh@rediffmail.com

नैक मूल्यांकित ग्रेड 'बी'

9838107210
9838503397

# साकेत गर्ल्स पी0जी0 कालेज

(सम्बद्ध : इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, इलाहाबाद)

गाय घाट रोड, दहिलामऊ, प्रतापगढ़

दिनांक : 1202/2018

## आख्या

राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय इकाई के विशेष शिविर का वर्ल्ड ऑफ वुमेन एजुकेशन, चौरा पर उद्घाटन करते हुए डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद के पूर्व अधिष्ठाता शिक्षा संकाय डॉ0एस0पी0त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना की शुरूआत चीन में हुई थी जहाँ पर बढ़ती जनसंख्या को भोजन उपलब्ध कराने के लिए छात्रो और शिक्षकों का उपयोग किया गया था। युवाओं ने अपने कठोर परिश्रम से भूमि को कृषि योग्य बनाकर चीन की खाद्य समस्या को हल करने में बड़ा योगदान दिया था। आज भारत की जनसंख्या का बड़ा भाग युवा है और युवाओं के अन्दर कोमल भाव, सहिष्णुता और आपसी भेद-भाव दूर करने में राष्ट्रीय सेवायोजना बहुत ही उपयोगी है। इस अवसर पर प्रबन्धक श्री अरविन्द श्रीवास्तव ने छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल मंत्र कि "हम अपने लिए नही तुम्हारे लिए जियेगें" और इस भाव से राम राज्य की स्थापना का मॉडल प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय की छात्राओं यमी सिंह, अंकिता तिवारी, प्रियांजली, शिवानी द्वारा प्रस्तुत साई वन्दना, सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन कु0 शिवा शुक्ला छात्रा बी0ए0 तृतीय वर्ष ने तथा कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय इकाई के कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 अनीता पाण्डेय, श्री अनन्त प्रकाश शुक्ला, डॉ0 प्रतिभा मिश्रा ने किया।

(डॉ0(श्रीमती)नीलिमा श्रीवास्तव)
प्राचार्या

Contact us : (05342) 223769, 220254, 221002, 221003, 221004, 221005, 221006, 221012, 221014, 221016, 221031


राष्ट्रीय सेवा योजना
इकाई तृतीय
साकेत गर्ल्स पी.जी.कालेज
दहिलामऊ,प्रतापगढ़(उ.प्र.)
ADP


इकाई द्वितीय
साकेत गर्ल्स पी.जी.कालेज
दहिलामऊ,प्रतापगढ़(उ.प्र.)
ADP

web-site: www.punarjagaransamitipratapgarh.org
e-mail : saketpratapgarh@rediffmail.com

नैक मूल्यांकित ग्रेड 'बी'

9838107210
9838503397

# साकेत गर्ल्स पी0जी0 कालेज

(सम्बद्ध : इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, इलाहाबाद)

गाय घाट रोड, दहिलामऊ, प्रतापगढ़

दिनांक : 08/03/2018


## आख्या

साकेत गर्ल्स इण्टर कॉलेज एवं साकेत गर्ल्स पी0जी0 कॉलेज की छात्राओं का संयुक्त रूप से श्री राकेश कुमार सिंह जी अपर पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ द्वारा महिला सशक्तीकरण पर सम्बोधित किया गया और इस पूरे अभियान की दार्शनिक व्याख्या करते हुए श्री सिंह ने बताया कि परिवार का विखण्डन रोककर हम महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों पर नियंत्रण पा सकते है। पुलिस विभाग महिला सशक्तीकरण में एक भाई की भूमिका में है जो कि रक्षाबन्धन के दायित्वों के निर्वहन के प्रति सतर्क है। अपराधों पर नियंत्रण केवल कानून बनाकर नहीं किया जा सकता बल्कि इसके लिए हमें परिवारों को उनके दायित्वों के प्रति जागरूक करना होगा, जब हमारा परिवार के प्रति कांस्पेप्ट इस प्रकार का होगा जिसमें भाई-बहन, माँ-बाप, चाचा-चाची को स्थान दिया जायेगा तो महिला सशक्तीकरण अभियान की आवश्यकता ही नहीं रह जायेगी, महिलाऐं स्वयं शक्तिशाली है और आज बराबरी से विभाग के हर क्षेत्र में पुरूषों के साथ खड़ी है, महिलाओं को यह समझना होगा कि कानून उनकी सुरक्षा के लिए है और उसका दुरूपयोग किसी भी स्तर पर नहीं होना चाहिए। कानून के प्रति दुरूपयोग से लोगों में उसके प्रति आस्था कम होती है और अपराधियों को संशय का लाभ मिल जाता है, और असली अपराधी कानून से बच निकलता है। इस दिशा में मैं छात्राओं का आह्वाहन करता हूँ कि वे महिलाओं के अधिकारों के प्रति बनाये गये कानूनों का लाभ घर-घर पहुँचाये और यदि इसका कहीं दुरूपयोग हो रहा हो तो इससे व्यवस्था को अवगत कराये। सतर्क बेटियाँ ही स्वस्थ परिवार का निर्माण कर सकेगी।

आभार व्यक्त करते हुए प्रबन्धक श्री अरविन्द श्रीवास्तव ने कहा कि यह प्रथम अवसर पर जब पुलिस विभाग स्वयं चलकर छात्राओं के बीच में उनकी सहायता के लिए आया है। हम इस पहल का स्वागत करते हैं और विश्वास दिलाते है कि हमारी छात्रायें पुलिस विभाग के हर अभियान में उनके साथ रहेगी और अपराध मुक्त प्रतापगढ़ के निर्माण में उनकी अद्वितीय भूमिका होगी। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 (श्रीमती) नीलिमा श्रीवास्तव, इण्टर कॉलेज की प्राचार्या श्रीमती कुसुम शुक्ला, श्रीमती रेनू त्रिपाठी द्वारा छात्राओं को महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध के प्रति चिन्ता व्यक्त की और इसमें पुलिस की भूमिका पे चर्चा की गयी।

कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के इकाई प्रथम के कार्यक्रमाधिकारी अनन्त प्रकाश शुक्ला ने किया एवं कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय एवं तृतीय इकाई की कार्यक्रमाधाकारी डॉ0 अनीता पाण्डेय एवं डॉ0 प्रतिभा मिश्रा ने किया।

(डॉ0(श्रीमती)नीलिमा श्रीवास्तव)
प्राचार्या


WELL



# सतर्क बेटियां ही करेंगी स्वस्थ परिवार का निर्माण : एएसपी

प्रतापगढ़ : साकेत गर्ल्स इण्टर कॉलेज एवं साकेत गर्ल्स पीजी कॉलेज की छात्राओं का संयुक्त रूप से राकेश कुमार सिंह अपर पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ द्वारा बुधवार को महिला सशक्तीकरण पर सम्बोधित किया गया। इस पूरे अभियान की दार्शनिक व्याख्या करते हुए श्री सिंह ने बताया कि परिवार का विघटन रोककर हम महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों पर नियंत्रण पा सकते हैं। पुलिस विभाग महिला सशक्तीकरण में एक भाई की भूमिका में है जो कि रक्षाबन्धन के दायित्वों के निर्वहन के प्रति सतर्क है। अपराधों पर नियंत्रण केवल कानून बनाकर नहीं किया जा सकता बल्कि इसके लिए हमें परिवारों को उनके दायित्वों के प्रति जागरूक करना होगा, जब हमारा परिवार के प्रति कान्सेप्ट इस प्रकार का होगा जिसमें भाई-बहन, माँ-बाप, चाचा-चाची को स्थान दिया जायेगा तो महिला सशक्तीकरण अभियान की आवश्यकता ही नहीं रह जायेगी, महिलाएं स्वयं शक्तिशाली हैं और आज बराबरी से विभाग के हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ खड़ी हैं, महिलाओं को यह समझना होगा कि कानून उनकी सुरक्षा के लिए है और उसका

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर साकेत गर्ल्स कालेज में हुआ कार्यक्रम

दुरुपयोग किसी भी स्तर पर नहीं होना चाहिए। कानून के प्रति दुरुपयोग से लोगों में उसके प्रति आस्था कम होती है और अपराधियों को संशय का लाभ मिल जाता है, और असली अपराधी कानून से बच निकलता है। इस दिशा में मैं छात्राओं का आह्वान करता हूं कि वे महिलाओं के अधिकारों के प्रति बनाये गये कानूनों का लाभ घर-घर पहुँचाये और यदि इसका कहीं दुरुपयोग हो रहा हो तो इसकी व्यवस्था को अवगत करायें। सतर्क बेटियाँ ही स्वस्थ परिवार का निर्माण कर सकेंगी।

आभार व्यक्त करते हुए प्रबन्धक अरविन्द श्रीवास्तव ने कहा कि यह प्रथम अवसर पर जब पुलिस विभाग स्वयं चलकर छात्राओं के बीच में उनकी सहायता के लिए आया है।

हम इस पहल का स्वागत करते हैं और विश्वास दिलाते हैं कि हमारी छात्रायें पुलिस विभाग के इस अभियान में उनके साथ रहेंगी और अपराध मुक्त प्रतापगढ़ के निर्माण में उनकी अद्वितीय भूमिका होगी।

महाविद्यालय की प्राचार्या डा. नीलिमा श्रीवास्तव, इण्टर कॉलेज की प्राचार्या कुसुम शुक्ला, रेनू त्रिपाठी द्वारा छात्राओं को महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध के प्रति चिन्ता व्यक्त की और इसमें पुलिस की भूमिका पे चर्चा की गयी।

कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के इकाई प्रथम के कार्यक्रमाधिकारी अनन्त प्रकाश शुक्ला ने व कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय एवं तृतीय इकाई की कार्यक्रमाधिकारी डा. अनीता पाण्डेय एवं डा. प्रतिभा मिश्रा ने किया।

### वेलकम बेटियां अभियान चलाने का संकल्प

प्रतापगढ़ : एलायंस क्लब इंटरनेशनल की बैठक बुधवार को चिलबिला में हुई जिसमें डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि प्रधानमंत्री के बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ मिशन से प्रेरित होकर क्लब ने वेलकम बेटियां नामक अभियान चलाने का संकल्प लिया। जन्म लेने वाली बेटी को वेलकम बिटिया लाकेट पहनाया जाएगा। बुधवार को क्लब के पदाधिकारियों ने महिला अस्पताल जाकर जन्मी बेटियों के माता-पिता के साथ खुशियां मनाई। इस अवसर पर पूनम गुप्ता, रेखा उमरवैश्य, अर्चना पांडेय, अशोक कुमारी आदि रहीं।




साकेत गर्ल्स कालेज में छात्राओं को संबोधित करते एएसपी राकेश कुमार सिंह व उपस्थित छात्राएं

# 'महिला सशक्तीकरण में भाई की भूमिका में पुलिस'

**प्रतापगढ़।** साकेत गर्ल्स पीजी कॉलेज में बुधवार को महिला सशक्तीकरण विषय पर गोष्ठी हुई। इसमें महिलाओं की स्थिति और उनके अधिकारों पर चर्चा की गई।

अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी राकेश सिंह ने कहा कि महिला सशक्तीकरण में पुलिस एक भाई की भूमिका में है। वह रक्षाबंधन के अपने दायित्वों के प्रति सतर्क है। केवल कानून से अपराध पर नियंत्रण नहीं हो सकता। हमें परिवारों को उनके दायित्वों के प्रति जागरूक करना होगा। प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव ने सभी का स्वागत किया। इस मौके प्राचार्या डॉ. नीलिमा श्रीवास्तव, कुसुम शुक्ला, रेनू त्रिपाठी, अनंत प्रकाश शुक्ला, डॉ. अनीता पांडेय, डॉ. प्रतिभा मौजूद रहीं।